






# प्रसाद खाने से 70 ग्रामीण फूड पॉइजनिंग के शिकार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** अटेर अनुविभाग के अम्लेहड़ी गांव में सोमवार की शाम को पूजा में बांटे गए प्रसाद के पुए खाने से करीब 70 ग्रामीण फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। गंभीर हालात में 15 ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि अन्य का प्राथमिक उपचार किया गया।



प्रसाद के पुए में इस्तेमाल हुआ संदिग्ध घी : प्राथमिक जांच में सामने आया कि प्रसाद बनाने में जो घी इस्तेमाल हुआ था, वह भिंड शहर के बंगला बाजार स्थित वर्धमान किराना स्टोर से खरीदा गया था। राधाकृष्ण तोमर द्वारा अपने बेटे गोपाल के जन्मदिन पर ग्राम देवता की पूजा के लिए प्रसाद तैयार किया गया था, जिसमें साढ़े तीन किलो घी का उपयोग हुआ था।

घटना के तुरंत बाद स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई : घटना की सूचना मिलते ही सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने मौके पर पहुंचकर प्रसाद और घी के सैंपल लिए तथा फूड सेफ्टी टीम को दुकान की जांच के निर्देश दिए।

**दुकान सील, संचालक फरार :** मंगलवार को फूड सेफ्टी अधिकारी रीना बंसल जब अपनी टीम के साथ वर्धमान किराना स्टोर पहुँचीं, तो दुकान बंद मिली और संचालक नीरज जैन फरार था। स्थिति को गंभीर देखते हुए दुकान को तत्काल सील कर दिया गया। घी के सैंपल लैब भेजे जा चुके हैं। फूड सेफ्टी अधिकारी रीना बंसल ने कहा कि नकली और मिलावटी घी बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाजार में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**गांव में लगाया जाएगा स्वास्थ्य शिविर :** सीएमएचओ डॉ. यादव ने जानकारी दी कि गांव में तीन दिन का स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

**प्रशासन की सतर्कता, लेकिन सवाल भी खड़े :** यह घटना प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए सराहनीय तो है, लेकिन यह भी दर्शाती है कि नकली खाद्य सामग्री की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों तक गंभीर रूप से पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य एवं खाद्य विभाग को अब स्थायी समाधान और निरंतर निगरानी की आवश्यकता है।

### हम तो पूजा का प्रसाद समझ खा गए

ग्रामीण सोनू शर्मा ने बताया कि हमने तो प्रसाद समझकर श्रद्धा से खाया, कुछ ही देर में पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सब बीमार हो गए। अगर अस्पताल नहीं पहुंचते तो अनर्थ हो जाता। यह घटना एक बार फिर चेतावनी है कि मिलावटखोरी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आमजन के जीवन पर सीधा हमला है। प्रशासन की सतर्कता और जिम्मेदार नागरिकों की सजगता ही इस संकट से बचा सकती है।

# विहिप लहार का जिला अभ्यास वर्ग आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** विश्व हिंदू परिषद लहार जिला द्वारा आयोजित जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का समापन समारोह गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य भारत प्रांत के सह

### गोपाल सोनी ने कार्यकर्ताओं को दिए संस्कार व संकल्प के मंत्र

प्रांत मंत्री गोपाल सोनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब गौ, गंगा, गीता, हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का पूर्ण व्रत लेकर कार्य कर रहे हैं। हमें अपने संस्कारों के साथ धर्म-रक्षा की प्रेरणा को आगे बढ़ाना है। बजरंग दल के लिए युवाओं को अब और आगे आना होगा।



कार्यक्रम के अतिथि परिचय की भूमिका राजीव पाराशर ने निभाई। मंचासीन अतिथियों में विहिप जिलाध्यक्ष उमाकांत व्यास, प्रांत गौरक्षा प्रमुख शिशुपाल सिंह चौहान, तथा विभाग सह मंत्री मनोज सिंह तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत लहार प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र शुक्ला, नीतेश भारद्वाज, राजीव पाराशर, दीपक शर्मा, हरविलास दीक्षित, अतुल राजपूत, कुशाग्र अग्रवाल, सुमित बिरथरे, पवन राठौर, रिंकू सिंह यादव, आकाश शुक्ला, पिन्टू दिवोलिया के अलावा अन्?य लोग मौजूद रहे।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 1 .5 लाख की 4 बाइक बरामद



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी लहार प्रवीण त्रिपाठी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत थाना लहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 4 मोटरसाइकिलें जप्त की गई हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपए है।

जानकारी के अनुसार 24 जून 2025 को राधे रघुवीर मैरिज गार्डन, लहार में आयोजित समारोह से एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 92 ए 9242 चोरी हो गई थी। इस पर थाना लहार में प्रकरण क्रमांक 145/2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर विवेचना प्रारंभ की गई।

टीम में उनि. मुंशीलाल डोंगर, प्रधान आरक्षक रामरतन शर्मा, सूरतराम, आरक्षक विशाल मिश्रा, अक्षय दीक्षित, सुशील शर्मा व यदुवीर सिंह शामिल रहे। पुख्ता मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मटेइला तिराहा (रोहानी जागीर रोड) के पास दबिश देकर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने कबूला कि वे पिछले दो सालों में लहार, दतिया एवं ग्वालियर से मोटरसाइकिलें चोरी कर चुके हैं। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई 4 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। अन्य जिलों से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिलों की जानकारी संबंधित थानों को भेज दी गई है।

# पंचायत उपचुनाव को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** आगामी पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के तहत मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार भिण्ड जिले में सरपंच के

### आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू

1 पद एवं पंच के 26 रिक्त पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन संजीव श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश



जारी किए हैं।

कलेक्टर श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत भिण्ड, अटेर, लहार, रौन, मेहगांव एवं गोहद के तहसीलदारों व पंचायत निर्वाचन हेतु नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि पंचायतों में होने वाले उपचुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और शालीन वातावरण में संपन्न कराए जाएं।

**आदर्श आचार संहिता प्रभावी :** निर्वाचन आयोग द्वारा 26 जून 2025 को घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार भिण्ड जिले की रिक्त पंचायतों में अब से आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव आचार संहिता के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं और जनप्रतिनिधियों सहित सभी विभागों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

### स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की तैयारी

कलेक्टर श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा। सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र की स्थिति पर निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की चुनावी गड़बड़ी, दबाव अथवा असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समय-सीमा में समस्त निर्वाचन सामग्री एवं कर्मचारी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए, जिससे चुनाव प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो।



# भाजपा नेता, पूर्व विधायक समाधिया का निधन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनसंघ एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के सेनानी, अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से समूचे भिण्ड जिले में शोक की लहर दौड़ गई है।

पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया राजनीति में अपने पूज्य बाबा स्वर्गीय बाबूराम समाधिया की विरासत को संकल्प के साथ आगे बढ़ाते रहे। बाबूराम समाधिया ने भारतीय जनसंघ से राजनीति की शुरुआत की थी और आपातकाल के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। वे वर्ष 1952 में अटेर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए थे। शिवशंकर समाधिया स्वयं भी आपातकाल के समय में बंद रहे और वर्ष 1977 में अटेर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती प्रदान की। वे श्रीमंत स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया एवं सिंधिया परिवार के अत्यंत निकट रहे।

**हजारों लोगों ने अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की :** उनके निधन की खबर मिलते ही अटेर, भिण्ड एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। उनका पार्थिव शरीर अटेर रोड स्थित निज निवास (डक बंगला) पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं आमजनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार गांव खेरी में राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जहां पुलिस गार्ड द्वारा सलामी दी गई। श्री समाधिया को उनके भतीजे आशीष समाधिया ने मुखाग्नि देकर विदाई दी।

### राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक जगत में शोक

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, अटेर एसडीओपी, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद संध्या राय, पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, केशव सिंह भदौरिया, कोक सिंह नरवरिया, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, विधायक अमरीश शर्मा (गुड्डू), पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, ओपीएस भदौरिया, पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद महंत, रणवीर जाटव, पूर्व सांसद अशोक गहलोत, डॉ. भागीरथ प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मायाराम शर्मा, अशोक चौधरी, रोमेश महंत, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया, श्याम सुंदर सिंह जादौन, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय दैपुरिया, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक अमृत पाल सिंह बघेल एडवोकेट ने शौक व्यक्त किया।

# विधिक सहायता और जागरूकता को लेकर शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रत्येक माह विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों

### कानून से संबंधित जानकारी से कराया अवगत

के आयोजन की श्रृंखला में 17वीं बटालियन भिण्ड में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन उमेश पाण्डव, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के निर्देशानुसार किया गया,




जिसमें बड़ी संख्या में सैनिकों ने भाग लिया।

विधिक सहायता की प्रक्रिया और अधिकारों की दी जानकारी : कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड ने सैनिकों को संबोधित करते हुए पुलिस शिकायत प्रक्रिया, मजिस्ट्रेट न्यायालयों में विधिक सहायता, एवं सरकारी योजनाओं के तहत नि:शुल्क कानूनी सहायता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति कानूनी सहायता चाहता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर, या फिर टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

आपराधिक मामलों में नि:शुल्क अधिवक्ता सेवाएं उपलब्ध : इस अवसर पर हनुमंत बौहरे, चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी), भिण्ड ने जानकारी दी कि जिला मुख्यालय अंतर्गत सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालय और मजिस्ट्रेट न्यायालय में आर्थिक रूप से वंचित आरोपियों को नि:शुल्क अधिवक्ता सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

एलएडीसी कार्यालय द्वारा गिरफ्तारी से पहले, रिमांड, विचारण और अपील की प्रत्येक प्रक्रिया में आरोपी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु अधिवक्ता उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और कमजोर वर्ग को भी निष्पक्ष न्याय मिल सके।

### डीएसपी आकांक्षा जैन और सैनिक रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में डीएसपी आकांक्षा जैन (17वीं बटालियन), सैनिकगण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संवादात्मक रूप में संपन्न किया गया, जिसमें उपस्थितजन ने अपने प्रश्न भी पूछे और विधिक अधिकारों को लेकर जागरूकता प्राप्त की।

# जनसुनवाई में 75 से अधिक मामलों की सुनवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** शासन की महत्वाकांक्षी जनसुनवाई योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय ने आम जनता की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में 75 से अधिक आवेदन आए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही और शीघ्र समाधान हेतु निर्देश दिए गए।


**दिव्यांग गायत्री को मिली त्वरित राहत :** जनसुनवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 29, कटरा मोहल्ला व गढ़ैया मोहल्ला निवासी गायत्री ने अपनी दिव्यांगता के कारण दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों से अधिकारियों को अवगत कराया। गायत्री ने बताया कि वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं और बैसाखी की जरूरत के चलते बेहद कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। विभाग द्वारा मौके पर ही बैसाखी प्रदान की गई, जिससे गायत्री भावुक होकर जिला प्रशासन का धन्यवाद करती नजर आईं।

**प्रशासन की संवेदनशीलता बनी प्रेरणा :** जनसुनवाई के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र श्री बैताल सिंह गुर्जर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 05, पटवारी हल्का क्र. 50, ग्राम गोहद तहसील गोहद व जिला भिण्ड के सर्वे क्रमांक 925 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः - पूर्व में- रास्ता 17 फीट, पश्चिम में- भूमि विक्रेता, उत्तर में- भूमि विक्रेता, दक्षिण में- भूमि विक्रेता की होकर कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती कमला पत्नी रामप्रकाश शर्मा, श्रीमती शिखा शर्मा पत्नी कमलेश शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व एवं संयुक्त आधिपत्य की थी। जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज हैं। तत्पश्चात उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमती कमला पत्नी रामप्रकाश शर्मा द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र श्री बैताल सिंह गुर्जर को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख सरल क्र. 1377 एवं ग्रंथ क्र. 3676 दिनांक 03.10.2013 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। दिनांक 01.07.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

## सेवा भाव की मिसाल रहे सुरेश शर्मा, लालपुरा विद्यालय में भव्य विदाई समारोह आयोजित

**भिंड, 1 जुलाई।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, लालपुरा विकासखंड लहार में 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार शर्मा को विद्यालय परिवार द्वारा भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह के माध्यम से भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मानबाबू शर्मा, ग्राम पंचायत लालपुरा के सरपंच रवि प्रजापति, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह बघेल, हायर सेकेंडरी वायसपुरा के प्राचार्य डॉ. जे.पी. बघेल, बीएसी उमाशंकर त्रिपाठी, जानकी नंदन समाधिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, सेवानिवृत्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**सरस्वती वंदना के साथ हुआ शुभारंभ :** कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात संस्था प्रभारी अरविंद शर्मा एवं विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का पुष्पहार एवं तिलक से स्वागत किया गया। सुरेश शर्मा को संस्था की ओर से श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह, पुष्पहार एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में 2000 पौधे रोपे

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 1 जुलाई।** 1 जुलाई से 7 जुलाई 2025 तक आयोजित हो रहे वन महोत्सव के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) के

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

तत्वावधान में और पीएनसी एमपी हाईवे के सहयोग से मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में 2000 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

इस अभियान की शुरुआत 1 जुलाई को फायर स्टेशन हनुमान मंदिर के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट क्षेत्र 8-10 बीघा भूमि में की गई। यह भूमि वर्ष 1991 में जिला कलेक्टर द्वारा अधिग्रहित की गई




थी, जिसे पर्यावरणीय उद्देश्य से हरित पट्टी के रूप में विकसित किया जाना था।

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक पहल :** कार्यक्रम का शुभारंभ एमपीआरडीसी डिवीजन मैनेजर राजीव श्रीवास्तव एवं एजीएम राजेश दायमा ने पौधारोपण कर किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को पौधारोपण के महत्व और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक अनमोल विरासत है। वहीं पीएनसी एमपी हाईवे के प्रोजेक्ट हेड रितेश कुमार सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

यह हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक मिश्रा ने पेड़ों को जीवनदायिनी औषधियों का स्रोत बताते हुए कहा कि प्राचीन काल में भी पेड़-पौधों से ही इलाज होता था, जैसे रामायण में लक्ष्मण की मूर्छा जड़ी-बूटियों से ठीक हुई। सीनियर मैनेजर अमित सिंह राठौर ने इस अवसर पर भावुक होते हुए कहा कि पौधे को लगाना और बड़ा करना पुत्र के समान होता है। आज हम सब संकल्प लें कि एक पौधा अवश्य लगाएंगे और उसका पालन-पोषण भी करेंगे।

**पौधा लगाएं, जीवन बचाएं :** कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं था, बल्कि एक व्यापक पर्यावरण संरक्षण जनजागरण का प्रयास था। सभी उपस्थितजनों ने एक व्यक्ति, एक वृक्ष का संकल्प लिया तथा हरियाली से भरपूर प्रदेश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम में मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों से अनिल शर्मा एमपीआईडीसी, ओमवीर सिंह भदौरिया, मनीष अग्रवाल, डॉ. मोहनीश सिंह तोमर स्थानीय स्वास्थ्य समुदाय, संजय सिंह कुशवाह सूर्य रोशनी, राकेश तिवारी एसआरएफ, रामवतार सिंह जादौन पारले के साथ ही समस्त पीएनसी स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।